ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय) *(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# हिंदी विवि में मानवविज्ञान संग्रहालय का उदघाटन

## कुलपति राय ने कहा- जनजातिय शोध को मिलेगा बढ़ावा

वर्धा दिनांक 18 सितंबर 2012: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति विभूति नारायण राय ने विश्वविद्यालय में स्थापित मानवविज्ञान विभाग के तीसरी स्थापना दिवस पर विभाग में निर्मित मानवविज्ञान संग्रहालय का उदघाटन करते हुए कहा कि मानव विज्ञान के क्षेत्र में लगातार विकास हो रहा है। अग्रिम योजना के अन्तर्गत इसे एक बड़े संग्रहालय का रूप दिया जायेगा। संग्रहालय के माध्यम से जनजातिय शोध को बढ़ावा मिलेगा। छात्रों को मौजूदा संसाधनों का लाभ उठाना चाहिए और पठन-पाठन पर अपना ध्यान केंद्रित कर भविष्य को निश्चित दिशा देनी चाहिए।




This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

संस्कृति विद्यापीठ के सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति राय का स्वागत करते हुए मानव विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डा. फरहद मालिक ने कहा कि मानव विज्ञान विषय की ओर छात्रों का रूझान बढ़ा है।




आज कुछ चुनौतियां हमारे समक्ष है जिसमें जनजातिय संग्रहालय की स्थापना के साथ-साथ एक विकसित जैविक प्रयोगशाला स्थापित करने का लक्ष्य है विश्वविद्यालय का यह संग्रहालय विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा संकलित सामाग्रियों से बनाया गया है। यह संग्रहालय वर्धा और आसपास के इलाकों के छात्र-छात्राओं की रूचि बढ़ाने में मदद करेगा।

This document was created using Smart PDF Creator




सहायक प्रो. वीरेन्द्र प्रताप यादव ने मानव विज्ञान विभाग की स्थापना से लेकर आज तक की मुख्य उपलब्धियों पर प्रकाश डालते। इसी क्रम में विभाग के प्रो. बी. एम. मुखर्जी ने कहा कि पिछले एक साल में विभाग ने काफी प्रगति की है। उन्होंने छात्रों को मानव विज्ञान के क्षेत्र में आगे आने को कहा।




This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com

छात्रों ने जनजातियों और आदिवासियों के संबंध में संस्मरण के साथ-साथ अपने अनुभव साझा किये। विभाग की छात्रा रूपा ने उरांव लोगों की कुर्ख भाषा में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के सहायक प्रो. निशीथ राय ने किया। शोध अधिकारी प्रशांत खत्री, आशुतोष कुमार तथा विभाग के समस्त शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

बी. एस. मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी

फोटो कैप्शन: 1395-उदबोधन देते कुलपति राय।1369-उदघाटन करते कुलपति राय।1341-संग्रहालय में स्थापित जनजातिय सामग्री। 1350-संग्रहालय निहारते शोधार्थी।

This document was created using Smart PDF Creator
To remove this message purchase the product at www.SmartPDFCreator.com